Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-03-2006

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

>

Title : Need to open Kasturba Girls Residential Schools in Alwar district, Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान के अलवर, भरतपुर जिले के हरियाणा से लगे सीमावर्ती क्षेत्र में बसे मेव (मुर्सलम) समाज के लोग सामाजिक एवं शैक्षणिक दृटि से अति पिछड़े हैं। मेवात के नाम से जाने वाले इस क्षेत्र में बालिका शिक्षा तो नगन्य है। अलवर जिले के मेव बाहुल्य, तिजारा, किशनगढ़, रामगढ़ व लक्ष्मणगढ़ तहसीलों में एक-एक कस्तूरबा, बालिका आवासीय विद्यालय खोले जाने हेतु माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं।